# कांग्रेस पार्टी द्वारा कई मांगों को लेकर किया गया धरना प्रदर्शन

रीवा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व विधायक मऊगंज सुखेन्द्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन में विधान सभा युवा कांग्रेस गुढ़ के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शिब्बू की अगुआई में गुढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय रायपुर कर्चुलियान में भीषण पेयजल संकट, अनुसूचित जाति जनजाति के लंबित पट्टे, अधूरी पड़ी नहरों दम तोड़ती नल जल योजना, पीएचई के भ्रष्टाचार, अवैध तरीके से रामनई संचालित शराब की दुकान हटाए जाने, व्यवस्थापन की जमीनों की अवैध बिक्री पर रोक अघोषित बिजली कटौती मनमाना बिजली का बिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर कर्चुलियान के भ्रष्टाचार की मांग को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर धरने का नेतृत्व कर रहे राजेन्द्र सिंह सिब्बू ने पेय जल संकट के संबंध में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान से दबाव बनाकर समस्या का जल्द निराकरण कराने की बात की मांगे जल्द पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन का ऐलान किया। धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस रायपुर कर्चुलियान के अध्यक्ष अधिवक्ता पदमदीप शुक्ला ने अपने उद्बोधन में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके काले कारनामों की जांच होनी चाहिए ।



### इनकी रही उपस्थिति

देवेन्द्र सिंह परिहार, विनोद उपाध्याय, संजय त्रिपाठी, रावेन्द्र साकेत बाबू लाल बंशल, बाबू लाल साकेत, मलखान बंशल, मोह मद फरीश सौरभ साकेत आदि ने कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय सोहगौरा, राम विलोचन विश्वकर्मा, सरदार तिवारी, धनपत गुप्ता, प्रशांत विजय सिंह, राजेश परिहार, बुढ़िया मिश्र, वंश दिनेश सोनी, पुरुषोत्तम रजक गोपाल, केवट राम नरेश बंशल, अभय राज साकेत, राजेश साकेत, संतोष बंशल राजेश, कैलाश बंशल, आकाश बंशल, आशीष बंशल, दिनेश बंशल, सुखदेव बंशल, उग्रसेन बंशल, राम रमेश बंशल, सुख बर बंशल, मथुरा केवट प्रहलाद, रावत रानी साकेत, विजय साकेत, कलावती साकेत, लक्ष्मी साकेत, आशा साकेत, चंद्रवती साकेत, सागर साकेत, उत्तम साकेत, सूरज साकेत, देववती साकेत, गीता साकेत, प्रकाश साकेत, जगन्नाथ बंशल, जगदीश बंशल, मेवा लाल बंशल, रजनीश बंशल, मुन्ना लाल बंशल प्रवीण पवन बंशल सहित काफी सं या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## घर में लगी आग गृहस्थी खाक, 10 बकरियों की मौत,

**रीवा।** गर्मी शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ गई है। आगजनी से कई किसानों की फसल जलकर राख हो चुकी है, तो दुकान और घर भी स्वाहा हो गए है। गढ़ थाना क्षेत्र में भी लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही है। जानकारी दी गई कि गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड्डआ गांव में गुरुवार की दोपहर शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आगजनी से पीड़ित की पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया, वहीं 10 बकरियों की भी आगजनी से मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित मो. अब्दुल मजीद पिता मो.हनीफ 38 वर्ष ने बताया की दोपहर करीब 12 बजे अचानक उनके घर में अज्ञात कारण से आग लग गई, देखते ही देखते आग ने भायवह रूप धारण कर दिया।

आगजनी में घर के अंदर खड़ी हीरो डीलक्स बाइक, 20 बोरा गेंहू, 2 क्विंटल रुई व रुई धुनने की मशीन सहित घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। इसके साथ ही घर के अंदर 10 नगर बकरिया बधी थी जो आग में जलकर मर गई। पीड़ित के मुताबिक आगजनी से करीब दस लाख का नुकसान हुआ है।

## सरपंच ने लगाया सीएचओ पर राशि के दुरुपयोग का आरोप

**रीवा।** संवाददाता द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार शासन द्वारा जनता के स्वास्थ स बन्धी समस्या के समाधान हेतु जहा स्वास्थ केन्द्र नहीं है उस पंचायत में उप स्वास्थ केन्द्र खोला गया है तथा कुछ लोगों को ट्रेनिंग देकर जनता की बीमारी की समस्या से निजात हेतु प्राथमिक उपचार हो सके किन्तु तानाशाह सीएचओ प्रियंका शुक्ला नियमित अपने केंद्र नहीं आती है महीने में मात्र पंद्रह दिवस सेवाएं देती है। उनके इस रवैए से ग्रामीण जन परेशान होकर भटकते रहते है। जबकि नियमानुसार सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य रूप से मु यालय में रहने का नियम है। श्रीमती शुक्ला की तानाशाही मुख्यालय में न रहने तक ही सीमित नहीं है शासकीय राशि गबन करने में भी महारथ हासिल है। सरकार द्वारा जनता के स्वास्थ हेतु पंचायत में जो बजट दिया जाता है, उसमे सीएचओ और सरपंच के हस्ताक्षर होते है। सीएचओ प्रियंका शुक्ला वर्ष 2022-23 में 30.000/-रू. एवं वर्ष 2023-24 में 40,000/-रू. बजट प्राप्त हुआ। सीएचओ द्वारा कहे जाने पर सरपंच द्वारा हस्ताक्षर बना देने से रूपये 70,000/- बैंक से निकाल लिए गये, जिसका हिसाब मागने पर श्रीमती शुक्ला द्वारा हिसाब नहीं दिया गया, उल्टा बैंक खाते से सरपंच का नाम ही कटवा दिया गया। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी उक्त प्रियंका शुक्ला के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे उनके हौसले बुलंद है। ग्रामीण जनों का कहना है कि प्रियंका शुक्ला के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई, सरपंच से भी आम जनता शिकायत कर चुकी है। सरपंच द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित किया जा चुका है, किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्राम पंचायत पुरास की जनता चाहती है कि उसके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाली सीएचओ के खिलाफ मुख्यालय में न रहने व शासकीय राशि में गड़बड़ी करने के आरोप में दण्डित किया जावे। उक्त आरोप ग्राम पंचायत पुरास के सरपंच रामभजन साकेत ने लगाते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी रीवा और कलेक्टर रीवा से की है।

## पिता की हत्या में शामिल आरोपी का परिवार दे रहा जान से मारने की धमकी

**पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से जान माल की सुरक्षा कर कार्रवाई की उठाई मांग**

रीवा।

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लखैया गांव के पास पिछले माह जमीनी विवाद में शहर से पान की दुकान बंदकर गांव जा रहे छोटे लाल यादव के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर आरोपियों ने उनकी जान ले ली थी। घटना में शामिल कुछ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित परिवार गुरुवार को अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लेकर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पहुंचा और हत्या में शामिल आरोपियों को अभयदान देने का आरोप लगाते हुए जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने जिन आरोपियों को अभयदान दिया अब अब वहीं आरोपी मामले की पहल कर रहे परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने थाने के अंदर बैठकर एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें सभी आरोपियों के नाम लिखे गए थे, लेकिन जब उन्हें दूसरे दिन एफआईआर की कॉपी मिली तो दो आरोपियों के नाम उसमें नहीं लिखे गए जो अब उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घटना 25 मार्च 2025 की है, जहां जमीनी विवाद के कारण लखैया ग्राम निवासी छोटे लाल यादव की आरोपियों ने लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी थी। बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब चिरहुला मंदिर के पास से मृतक अपनी चाय की दुकान बंद करके वापस आ रहा था।

आरोप है कि इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी के द्वारा पांच लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की गई थी, लेकिन दो आरोपियों को छोड़ दिया गया, और अब वही लोग पीड़ित परिवार पर ताक लगा कर बैठे है। पीड़ित परिवार के द्वारा फिलहाल इस घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित आईजी कार्यालय में की गई है।

## तालाब में डूबने से बालक की मौत

**चोरहटा थाना क्षेत्र के बिड़वा तालाब की घटना**

रीवा।

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिड़बा तालाब में एक बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना गुरुवार की सबुह करीब 10.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। बताया गया कि बालक घर से बकरिया चराने के लिए निकला था, जहां वह तालाब के किनारे था अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पानी की गहराई में डूब गया। इस घटना में राजकुमार पाल पुत्र वीरेंद्र पाल 13 वर्ष निवासी बिड़वा अटरिया की जान चली गई। घटना के संबंध में बताया गया कि जब तक आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई और उसे निकाला गया उसकी मौत हो चुकी थी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने परिजनों की मदद से बालक को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चोरहटा पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**कथा विश्राम भंडारा 30 अप्रैल को होगा**

रीवा।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन ग्राम जोन्हा में देवदास द्विवेदी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के यहां किया जा रहा है। 23 अप्रैल को श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलशयात्रा कथा व्यास आचार्य राम प्रपन्नाचार्य प्रयागराज मुख्य यजमान रामनरेश द्विवेदी, राम सुमेर द्विवेदी, लाल द्विवेदी, रामगणेश द्विवेदी की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ कन्याओं सहित धर्मानुरागी भक्त जनों की उपस्थिति में भव्य कलशयात्रा निकाली जो टमस नदी को जोन्हा घाट में मां तमसा वरूण देव की विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर कलशों में जल भरकर कथा स्थल में कलश स्थापन श्री गणेश वेदी व्यास पूजन के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में बीरेंद्र कुमार द्विवेदी, विकाश कुमार द्विवेदी, देवदास द्विवेदी, भगवान दास द्विवेदी, राजू द्विवेदी, मोनू द्विवेदी, भोलू द्विवेदी, सुदीश द्विवेदी, संजू द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, तुलसीदास द्विवेदी, माखनलाल द्वीवेदी रोहित द्विवेदी, सनतकुमार द्विवेद्वी, अशोक कुमार द्विवेदी, कृपाचार्य महराज, दिव्यांशु महराज, गायक शिवदत्त तिवारी, रोहित मिश्रा, सोनू मिश्रा सहित अन्य धर्मानुरागी भक्तजनों ने कलश यात्रा में भाग लिया।





## भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा चलाया जा रहा है नशामुक्ति जनसंम्पर्क अभियान

**रीवा।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वावधान मे नशामुक्ति जन जागरण अभियान के तहत समाज को नशा एवं मांशाहार से मुक्त चरित्रवान समाज बनाने के लिए गाँव गाँव मे जन सं पर्क कर नशा मांसाहार छोड़ने की समझाइस दी जा रही है जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष रत्नाकर सिंह के नेतृत्व में जवा तहसील के ग्राम इटमा, पटेहरा, पुरैनीह, पटहट, रौली सहित अन्य कई गाँव में जनसं पर्क कर लोगो को नशा एवं मशाहार छोड़ने की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान में संगठन के सचिव अरविंद पटेल कोसाध्यक्ष हीरालाल कुसवाहा, दीपक पटेल, विवेक मिश्रा, रामसजीवन बलेंद्र पाठक, मनोज सिंह धर्मपाल, संतोष, सहित कई कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

## युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**लहूलुहान हालत में मिला था युवक**

**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। घटना के संबंध में मृतक के मामा योगेश तिवारी ने बताया कि पुष्पेंद्र कुमार पांडे उर्फ गोलू 22 अप्रैल की शाम तकरीबन 7 बजे अपने घर कोस्टा से निकला था। तकरीबन 1 घंटे बाद वह चार युवकों के साथ आखरी बार रतहरा ओवर ब्रिज के ऊपर देखा गया था। बताया जा रहा है कि 23 अप्रैल की दोपहर पुलिस को गंगेव हाईवे के पास एक युवक लहु लुहान हालात में पड़े मिला जहां उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के जेब से मोबाइल गायब है जबकि तकरीबन 15 हजार रुपए उसके जेब में रखे हुए है। परिजनों का कहना है कि फोन लगाने पर एक युवक के द्वारा एक बार फोन उठाया गया जिसने अपने आप को मुंबई में होना बताया।

अब इस घटना को लेकर परिजन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग कर रहे है। परिजनों ने बताया कि युवक के सर पर और चेहरे में कई जगह चोट के निशान है जिससे यह प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कर शव को सड़क पर फेंका गया था और घटना को एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया गया है।

पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगे जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश में महिला से की मारपीट, बिछिया पुलिस ने दर्ज किया मामला

***रीवा।*** *पुरानी रंजिश में बिछिया में रहने वाली महिला के साथ एक सरहंग ने गाली गलौज करते हुए अश्लील हरकत की साथ ही उसके साथ मारपीट भी की है। पीड़िता ने मामले की शिकायत बिछिया थाना में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को पीड़िता रश्मी गुप्ता पति उमेश गुप्ता 46 वर्ष निवासी सतना कवरराम टाकीज जमान सिंह कालोनी थाना कोलगवां जिला सतना हाल मुकाम सुभाष स्कूल के पीछे बीपी मिश्रा के किराये के मकान बिछिया ने बिछिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई की आरोपी विजय पासी पिता छोटेलाल पासी निवासी बैलौहन टोला पुरानी रंजिस को लेकर घर में घुसकर मां बहन की अश्लील भद्दी-भद्दी गालियां देते हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुचानें व जान से मारने की धमकी दिया। जिसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 332, 296, 115(2), 351(3), बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है। पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर आरोपी की तलाश में लगी हुई है।*



## बिजली दुर्घटना रोकने कलेक्टर से लगाई गुहार

मनिकवार।

मनिकवार क्षेत्र के सब स्टेशन से कुछ ही दूरी पर बिजली सप्लाई हेतु खींचा गया तार महज छह फिट की उंचाई पर है जो संतोष मिश्रा पिता जगदीश मिश्रा के घर के पास है। वर्षों से यह समस्या बनी हुई है जिसको लेकर प्राथी विभाग के सभी अधिकारियों के चक्कर काटते हार चुका और बिजली विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के चलते समस्या बनी पड़ी है। इस घटना को रोकने के लिए अब फरियाद लेकर कलेक्टर से मिलकर अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर डा प्रतिभा पाल ने विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई ऐसी ऐसी छोटी समस्या को स्वयं स्थानीय स्तर पर निदान करें। यह मामला मनिकवार डी सीका है।

# कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान कर पूरे देश के साथ अन्याय किया है : कृष्णा गौर

**भाजपा अनुसूचित जाति संगोष्ठी का जिला भाजपा कार्यालय में आयोजन संपन्न**

सिवनी।

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर जी के व्यतित्व, कृतित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके अमूल्य योगदान को लेकर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता म. प्र. शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर,भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्वनी परांजपे एवं पूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा संगोष्ठी भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । अतिथियों ने सर्व प्रथम भारतमाता संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर जी,पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठी का विधिवत आरंभ किया।कार्यक्रम के प्रारंभ पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से कामना की गयी ।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ कार्य किया है और आज देश में उसके बेहतर परिणाम देख रहे । अनुसूचित जाति वर्ग के लिये जो आरक्षण है वह अब कागजो में नहीं उनके चेहरे पर मुस्कार के रूप में दिखने लगी है । बाबा साहेब के आदर्शों और बाबा साहेब के सम्मान देश का गौरव बढ़ेगा । पूर्व की कांग्रेस सरकार इस बात की चिंता करती तो आज देश की तस्वीर कुछ और होती परंतु कांग्रेस ने केवल एक परिवार का गुणगान कर देश का बंटाढार करने का पाप किया है ।आयोजित संगोष्ठी की मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का मूल उद्देश बाबा साहेब के विचारों को सामज के बीच व्यापाक रूप से पहुँचना है । बाबा साहब ने दलितों और वंचितों के सम्मान के लिए हमेशा काम किया है। डां. अंबेडकर देश की अमूल्य रत्न थे उनकी प्रतिभा और ज्ञान के आलोक भारत आज भी आलोकित हो रहा है परंतु कांग्रेस सरकार ने उस प्रतिभा का अपमान कर देश के साथ अन्याय किया । कांग्रेस बाबा साहब के नाम पर घडियाली आसू बहाने का काम किया ।कांग्रेस ने हमेशा ही बाबा साहब का अपमान किया है। संसद में भी बाबा साहब के नाम पर कांग्रेस घडियाली आंसू बहाती हैं। कांग्रेस के बार बार अपमान से आहत बाबा साहेब ने स्वयं कहा था कि जहाँ प्रतिभा का सम्मान नहीं होता वह मै नहीं रह सकता और उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी ।बाबा साहब ने भारत में रहने वाले हर वर्ग के लिए काम किया है। बाबा साहब समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे परंतु देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण हिंदू कोड बिल लागू नहीं होने दिया । नेहरू के कारण बाबा साहब ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस ने बाबा साहब को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा ।बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। बाबा साहब के नाम से पंच तीर्थों के निर्माण का काम भाजपा की सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में किया है। आज महू नागपुर लंदन दिल्ली और मुंबई को पंच तीर्थ से पहचान मिली है। कांग्रेस ने दिल्ली में बाबा साहब की अंत्येष्टि के लिए स्थान तक नहीं दिया ।संगोष्ठी में भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्वनी परांजपे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब की जो प्रतिभा थी उस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह लंदन की जिस यूनिवर्सिटी में वहाँ के 100 वर्ष पूरे होने पर 100 प्रतिभावान विद्यार्थियों की सूची बनी जिसमें बाबा साहब का नाम सबसे ऊपर रखा गया । वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने बाबा साहब आंबेडकर को संविधान सभा का प्रमुख नहीं बनने दिया। बाबा साहब का दिया संविधान कांग्रेस ने 90 से अधिक बार बदला है । श्रीमती परांजपे ने कहा कि बाबा साहब ने हमें जो संविधान दिया है उसमें नारी के सम्मान को प्रमुखता दी गयी है आज संपूर्ण नारी समाज को समानता का अधिकार हैपूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का हमेशा से सम्मान करती रही हैं। कांग्रेस ने बाबा साहब के नाम का उपयोग किया कांग्रेस ने बाबा साहब का सम्मान कभी नहीं किया । देश और दुनिया में सम्मान बढ़ाने का काम भाजपा ने किया है। संगोष्ठी का संचालन अनुसुचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर ने किया । संगोष्ठी में कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कीरत सिंह बघेल, पूर्व विधायक नरेश दिवासकर भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया एवं जयदीप सिंह चौहान भाजपा के पदाधिकारी अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।



# पहलगाम की घटना निंदनीय, आतंकवादियों को मोदी सरकार करारा जबाव देगी : श्रीमती बिसेन

## पहलगाम हमले के विरोध में प्रदर्शन कर भाजपा ने पाकिस्तान का पुतला फूंका

**सिवनी ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सिवनी नगर के छिंदवाड़ा चौक में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतंकवादियों का पुतला फूंका और देश विरोधी ताकतों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए आतंक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस नृशंस हमले में आतंकियों ने पर्यटकों की बस पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिसमें 27 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के विरोध में गुरुवार को सिवनी जिला मुख्यालय के छिंदवाड़ा चौक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराते हुये आतंकवाद तथा पाकिस्तााान के विरोध में नारेबाजी की ।छिंदवाड़ा चौक में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी के नेतृत्व में भाजपाईयों ससिहत आमजनों ने एकत्र



होकर आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और आतंकवादियों का पुतला फूंका। इस दौरान देश विरोधी ताकतों के खिलाफ गुस्से का इज़हार करते हुए कार्यकर्ताओं ने च्आतंकवाद मुर्दाबादज्, च्पाकिस्तान मुर्दाबादज्ज जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश देते हुए दिवंगत आत्माओं के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की।

**मोदी सरकार पर भरोसा जताया:-** प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने कहा कि आतंकवादी ये भूल गए हैं कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है, जो आतंकवादियों को उसी भाषा में जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा, च्भारत अब चुप बैठने वाला नहीं है। यह हमला हमारे धैर्य की परीक्षा है और इसका करारा जवाब दिया जाएगा। हम केंद्र सरकार से अपील करते हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला बेहद निंदनीय और आमनवीय घिनौना कृत्य है । उन्होंने कहा, च्इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिये मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने संकल्प दुहराते हुये आतंक को संरक्षण देने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरूद्ध कड़े रूख को अपनाया है । सिंधु जल संधि को निरस्त कर अनेक समझौतो को निरस्त कर दिया है । तथा कहा कि आतंकवाद से लडने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा । श्री दिवाकर ने मृत आत्मा की शांति की कामना करते हुये अपनी संवेदनाएँ प्रगट की ।कार्यक्रम के संयोजक प्रेम तिवारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा के मोर्चे पर तेज़ी से कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आपात बैठक में पांच बड़े फैसले लिए गए हैं, जिनमें सीमावर्ती सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना तथा आतंकी गतिविधियों के स्रोतों को खत्म करने पर विशेष ध्यान शामिल है। भाजपा नेताओं का कहना है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा बल्कि प्रत्युत्तर की नीति अपनाएगा। दोषियों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और जो देश या संगठन उन्हें संरक्षण देते हैं, उनकी भी जवाबदेही तय की जाएगी। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौ तस्करों का गजब तरीका.... एंबुलेंस में गौ तस्करी करते पकड़ाए आरोपी

## लांजी पुलिस की बड़ी कार्यवाही





**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** सायरन बजाती हुईं तेज रफ्तार एंबुलेंस महाराष्ट्र से एमपी के लांजी पहुंची लेकिन वह मरीज को लें जानें नहीं बल्कि मवेशी को लें जानें पहुंची थीं, जहां एंबुलेंस में देखा तो पुलिस के होश उड़ गए... मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली एंबुलेंस में मरीज नहीं बल्कि एक दर्जन गौवंश पाए गए। यह एंबुलेंस महाराष्ट्र की प्रायवेट अस्पताल की है जो एमपी से महाराष्ट्र की ओर पशु तस्करी करते हुए पाई गई हैं। एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्र में बीमार होने पर मरीज को एंबुलेंस नसीब नहीं होती हैं और दूसरी ओर उस एंबुलेंस से गौ तस्कर गौ वंश का परिवहन करने का नया तरीका खोज निकाले हैं। इधर, लांजी पुलिस ने एक दर्जन मवेशियों (गाय) को तस्करों से मुक्त कराते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की गई हैं।

जानकारी अनुसार, महाराष्ट्र सीमा पर बसे बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र में मरीज को लेने महाराष्ट्र की एंबुलेंस पहुंची जिस पर पुलिस ने गौ तस्करों पर गत मध्य रात्रि में बड़ी कार्यवाही की हैं। पुलिस थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत दुल्हापुर के ग्राम चिचटोला में एक किसान के खेत में खड़ी एंबुलेंस क्रमांक एमएच 23 वाय 7923 में गौवंश (बैल/गाय) भरे हुए थे। देर रात्रि में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को शंका हुई और मौके पर पहुंच गए तभी पुलिस को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा गया की खेत में आखिर एंबुलेंस क्या कर रही हैं। एम्बुलेंस में देखा गया की गौवंश भरे हुए है। गौ तस्करों के द्वारा एंबुलेंस में क्रूरतापूर्वक भरे गए 12 गौ वंशों को एंबुलेंस में पाया गया लेकिन गौ तस्कर मौका से फरार हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस को अभिरक्षा में लेकर गौ तस्करों की पकड़ में जुट गई हैं।

### इनका कहना है

थाना के क़रीब चिचटोला में एक सुनसान जगह पर एंबुलेंस खड़ी हैं, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से 12 मवेशी को आजाद किया गया है। वहीं मौके से दो तस्कर अंधेरे का फ़ायदा उठा कर भाग गए। पुलिस ने आरोपीयों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है, जल्द ही इस मामले के आरोपियों को पकड़ा जाएगा। आगे भी अवश्य ही गौ तस्करों पर कड़ी कार्यवाही की जायेंगी।

**बिभेंदु तांडिया**
**थाना प्रभारी, लांजी**

# नेशनल लोक अदालत 10 मई को होगी आयोजित

**बालाघाट ।** राष्ट्रीय एवं मप्र विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर जिला न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण के मॉगदर्शन में 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ये लोक अदालत जिले में जिला न्यायालय, श्रम न्यायालय, कुटुंब न्यायालय व समस्त न्यायालयों में आयोजित होगी। लोक अदालतों में न्यायालयों में लंबित आपराधिक, विद्युत, चेक डिसऑनर, दीवानी एवं शमनीय मामलों के अलावा बैंक, श्रम, दूरसंचार, राजस्व, जलकर, संपत्तिकर व अन्य प्री-लिटिगेशन मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के वृहद प्रचार प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायधीश श्री प्राण के द्वारा जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया की इस लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित पुराने मामलो का निराकरण करने के साथ साथ जलकर व संपत्तिकर पर विभिन्न प्रकार की छूट दी जाएगी।

# जल संकट की स्थिति में जल के अपव्यय को रोकना अनिवार्य

## नगर पालिका ने नगर के वॉशिंग केंद्रों पर की ताबड़तोड़ कार्यवाही

**बालाघाट ।** जिले में इन दिनों जल संकट की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है। वहीं इन दिनों वैनगंगा नदी के जलस्तर में भी लगातार गिरावट हो रही है। साथ ही ग्रीष्मकाल के दो महीने अभी शेष है। ऐसे में शहरवासियों को जल की बचत करने के लिये जागरूक किया जा रहा है।नंगे पालिका द्वारा वॉशिंग केंद्रों को भी सूचित कर जल की बर्बादी रोकने की हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद नगर के वॉशिंग केंद्रों द्वारा जल की बर्बादी करते पाया गया। सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया के निर्देशो पर नगरपालिका बालाघाट की जलप्रदाय एवं राजस्व शाखा की टीम ने नगर में कार्यवाही करते हुए लगभग 10 से अधिक वॉशिंग सेंटरों के कनेक्शन को विच्छेद किये गए। जबकि 2 वॉशिंग सेंटर संचालकों से जुर्माना भी वसूला गया है **इन पर हुई कार्यवाही:-** सीएमओ श्री कतरोलिया के निर्देशों के परिपालन में शहर के



मैकेनिक नगर में संचालित होने वाले वॉशिंग सेंटर, काली पुतली चौक हनुमान मंदिर के पास गली में संचालित होने वाले वॉशिंग सेंटरों के अतिरिक्त फुले भवन के पास कार्यवाही करते हुए नल कनेक्शन विच्छेद किया गया है। इस पूरी कार्यवाही में लगभग 10 से अधिक वॉशिंग सेंटर शामिल है। जबकि राजस्व विभाग की टीम ने पानी का अपव्यय किये जाने पर भटेरा मार्ग के अमित सर्विसिंग सेंटर, चर्च रोड के न्यू जनता ऑटो केयर पर चालानी कार्यवाही करते हुए 800-800 रूपये का जुर्माना वसूला है।

**वॉशिंग केंद्रों को यह रखनी होगी सावधानी:-**सीएमओ बीडी कतरोलिया ने सख्त निर्देश दिये है कि शहर में कहीं भी जल की बर्बादी नहीं होनी चाहिये। विशेषकर टिल्लू पंप से पानी खिंचने वालों, आरओ वॉटर संचालन, वॉशिंग सेंटरों, खुले नलों से बहते पानी को रोकने, टंकियों में ओवरफ्लो पर निगरानी बरतने जैसे कार्यो पर गंभीरता से अमल करने को कहा गया है। सीएमओ ने बताया कि निरंतर यह कार्यवाही जारी रहेगी और जहां भी जल की बर्बादी के संबंध में शिकायत आएगी तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बालाघाट ।**मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए व सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमे उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति परसवा?ा के लिए वनपाल श्री मुकेश कुमार घोरमारे, समनापुर के श्री नरेन्द्र कुमार बंसो?, प्राथमिक आदिवासी मछुआ सहकारी समिति एको?ी के लिए सहकारी निरीक्षक श्रीमती ग्यारसी तिलगाम एवं प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति चरेगांव सुखलाल चौरीवार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

# रुचि लेकर नहीं कर रहे थे दायित्वों का निर्वहन, कार्य प्रगति भी हो रहीं थी ठप्प

**जबलपुर कमिश्नर ने तत्काल प्रभाव से कटंगी सीएमओ को किया निलंबित**

**बालाघाट।** संभागीय कमिश्नर श्री अभय वर्मा ने सीएमओ श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित के आदेश जारी किए है। मामला कटंगी का है,जहाँ सीएमओ श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा शासकीय योजनाओ के प्रगतिरत कार्यों में रुचि लेकर व तन्मयता के साथ कार्य करना नहीं पाया गया है। कई योजनाओं में प्रगति रुकने के कारण कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जबलपुर सम्भागयुक्त श्री अभय वर्मा को कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा था। भेजे गए प्रस्ताव में बताया गया था कि 5 नवम्बर 24 को आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित की गई थी जिसमे कटंगी सीएमओ श्री श्रीवास्तव अनुपस्थित रहें। इसके अलावा 5 दिसम्बर 24 को नगरीय निकाय की समीक्षा बैठक में पाया गया कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग दिसंबर माह की शिकायत में मात्र 22 शिकायते प्राप्त हुई थी किंतु 5 नवम्बर 24 तक 63.68 प्रतिशत में थे। इसी तरह हर माह की शिकायतों में कटंगी निकाय की प्रगति अल्प ही रहीं हैं। साथ ही निकाय ग्रेडिंग अधिकांश सी एवं डी में होती जा रहीं है। वहीं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में जनवरी माह की प्राप्त ग्रेडिंग में 35 शिकायतों में से 18 शिकायतें शेष पायी गई। साथ ही 50 दिवस में 10 शिकायतें लंबित है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत भी सबसे अधिक शिकायत लंबित रहती है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने में भी 59.70 प्रतिशत ही प्रगति पर है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार सीएमओ श्रीवास्तव को समय समय पर शोकॉज नोटिस भी जारी किया गया किंतु सीएमओ द्वारा प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नहीं पाया गया। संभागीय कमिश्नर श्री वर्मा ने समस्त कारणों का अवलोकन करते हुए निर्धारित कटंगी सीएमओ श्री श्रीवास्तव द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में पाया। फलस्वरूप कटंगी सीएमओ श्री श्रीवास्तव को मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 86 एवं मप्र नगर पालिका सेवा (कार्यपालन) नियम 1973 के नियम-36 तथा मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निलंबन उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कटंगी जिला बालाघाट का प्रभार श्री दिनेश धानेश्वर, राजस्व उप निरीक्षक को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

# मिट्टी के मकान की चौपाल पर पानी की पाठशाला

## जल नहीं जल स्त्रोत बचेंगे तो कंठ तर होंगे

**बालाघाट** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में लगातार जल संरक्षण व संवर्धन को लेकर गतिविधियां आयोजित हो रही है। एक अनोखी गतिविधि गुरुवार को दुर्गम पहाड़ी व वनीय गांव हर्राभाट में जन अभियान परिषद की नवांकुर समिति, जल जीवन ग्रामीण व प्रस्फुटन समिति द्वारा आयोजित की गई। हर्राभाट के मिट्टी के मकान में चौपाल पर ग्रामीणों को पानी की पाठशाला में बताया कि सिर्फ जल नहीं अब हमें जल स्त्रोत भी बचाने और बनाने होंगे। क्योंकि जल स्त्रोत बचेंगे तो हमारे लिए उपयोग के लिए जल होंगा। इसलिए जल जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक जल स्त्रोत आवश्यक हो गए है। आज चाहे बावड़िया हो या कुएं हो या नलकूप,नदियां, नाले,तालाब और रिचार्ज पीठ या हार्वेस्टिंग हो ये सब कल हमें जल देंगे। इसके साथ ही पौधे जल स्त्रोतों के साथ मिलकर पानी बचाकर रखेंगे। चौपाल के पश्चात गांव में स्थापित हेंडपम्प के आसपास साफ-सफाई करके श्रमदान किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि हैंडपम्प हम सभी के लिए प्राथमिक पेयजल की व्यवस्था है और इसके आसपास सदैव सफाई होना जरूरी है। इस चौपाल का आयोजन विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे व सुशील बर्मन के निर्देश में किया गया। चौपाल के दौरान कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आठ दिवसीय परशुराम पाठोत्सव

**सिवनी (स्वतंत्र मत)** जिला ब्राह्म्ण समाज सिवनी के तत्वाधान में भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम जी का प्राकटय महोत्सव समारोह का आयोजन पूरे जिले में मनाया जाना है जिसमें 27 अप्रैल से 4 मई तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । 27 अप्रैल को छपारा में पूजन अर्चन के बाद रैली का आयोजन किया जायेगा इसी तरह 29 अप्रैल को बरघाट एवं केवलारी में तथा 30 अप्रैल को घंसौर एवं लखनादौन में भी रैली निकाली जावेगीआयोजन को लेकर जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, राजेश त्रिवेदी, अजय मिश्रा, भुवनेश्वर शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अशोक तिवारी सहित प्रचार प्रसार में ऋषभ शर्मा, सतिश शर्मा, आशीष मिश्रा, दिनेश शर्मा, अखिलेश चंकी पांडे, अरविंदज दुबे, सुर्यकांत चतुर्वेदी, मंजू दुबे, मनोज मर्दन त्रिवेदी, शरद दुबे, अवधेश तिवारी आदि शामिल है, को दायित्व सौंपा गया है शोभा यात्रा को सफल बनाने हेतु विकासखण्ड सहप्रभारी के रूप में सिवनी शहर अशोक तिवारी ग्रामीण भुवनभास्कर मिश्रा केवलारी दामोदर प्रसाद शुक्ला घंसौर विजय तिवारी कुरइ में देवेन्द्र



दीक्षित लखनादौन श्याम नारायण पांडे बरघाट में शिवशंकर शर्मा छपारा राजेन्द्र तिवारी को दायित्व सौंपा गया है। आयोजन का प्रथम चरण 30 अप्रैल दिन बुधवार को प्रात- 9 बजे से श्री माता त्रिपुर सुंदरी एवं भगवान परशुराम जी का अभिषेक, श्रृंगार, पुजन, अर्चन एवं बंधन किया जावेगा इसके प्रभारी पंडित दिनेश मिश्रा, गीता अवस्थी, प्रतिभा तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, मंजू अवस्थी, शिव कुमार तिवारी, विनोद मिश्रा, अजय शर्मा होंगे। द्वितीय चरण 4 मई दिन रविवार को अपरान्ह 3 बजे शोभा यात्रा ( रैली निकाली जावेगी)इस दौरान मुख्य अतिथी पंडित श्री आशीष दुबे (सांसद जबलपुर) संजय शर्मा ( पूर्व विधायक तेंदुखेड़ा) श्रीमति नीता पटेरिया (पूर्व सांसद सिवनी) गौरव मिश्र (डी.एफ.ओ.) मेघा शर्मा (एस.डी.एम. सिवनी) प्रभात मिश्रा (एस.डी.एम. चौरइ) आशीष कुमार पांडे (एस.डी.ओ. फारेस्ट ) बी.पी. तिवारी (एस.डी.ओ. फारेस्ट ) शामिल होगें ।यह रैली मठ मंदिर से प्रारंभ होकर छिंदवाड़ा चौक, गणेश मंदिर, महावीर मढिया ,शंकर मढिया, नगर पालिका नेहरू रोड, शुक्रवारी, गणेश चौक, सिंधिया तिराहा, बाहुबली चौक, पाल पेट्रोल पंप, सिंधी कॉलोनी, सोमवारी चौक, गांधी भवन , गणेश चौक, डुंडा सिवनी, परशुराम भवन प्रांगण पहुँच कर सामाजिक सम्मेलन में परिवर्तित होगी ।इस द्वौरान झंडा प्रभारी हर्षित तिवारी, अनुराग उपाध्याय, पंकज तिवारी, शिवम तिवारी होंगे। रैली संचालन विजय तिवारी सिवनी पंडित विशाल तिवारी, अनुप मिश्रा आदि का समावेश किया गया है। शाम को भजन संध्या में दामोदर शुक्ला, नेत्रपाल दुबे एवं विशाल शुक्ला का समावेश किया गया है।

# सूफी कलीम रूमवी को खिलाफत अता की गई

## गुरू शिष्य की परम्परा को आगे बढ़ायेंगे सूफी कलीम रूमवी

**सिवनी (स्वतंत्र मत)** गुरु शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश में सामप्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश देने वाले सिवनी के प्रख्यात संत पीर दस्तगीर हज़रत ख़्वाजा मोहम्मद कबीरूददीन रूमवी के जानशीन खलीफा सूफी कबीरउद्दीन रूमवी जिद्दी बरेली शरीफ उत्तर प्रदेश के द्वारा सूफी मोहम्मद कलीम भाई रूमवी को खिलाफत अता की गई। उल्लेखनीय है कि सूफी कलीम रूमवी सिवनी जिले के प्रख्यात संत जैल बाले बाबा रह. अलैह की 25 साल से खिदमत ( सेवा) में है। जिन्होंने सिवनी के प्रख्यात संत सूफी कबीरउद्दीन रूमवी शाह रह. से दीक्षा लिया था। सूफी कलीम



रूमवी की खिदमत और मोहब्बत से बुर्जुगों का इशारा हुआ जिसके बाद हुजूर मोहम्मद कबीरूददीन शाह रूमी के जानशीन ख़लीफा सूफी नसीमुद्दीन रूमवी जिद्दी बरेली शरीफ के द्वारा आपको खिलाफत प्रदान करते हुए विश्वास जताया कि आप गुरु शिष्य की परंपरा को बढ़ाएंगे। सूफी कलीम रूमवी को मिली खिलाफत के लिए सभी गुरु भक्तों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिया।

# कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चोर

**सिवनी (स्वतंत्र मत)।** वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं। इसी क्रम में चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया है ।उल्लेखनीय है कि दिनांक 07/12/2024 को प्रार्थी सुमित विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके सूने मकान में किसी ने ताला तोड़कर पैसा एवं चांदी के जेवरात चोरी कर लिया है कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था जिसमें अज्ञात चोर की तलाश पतासाजी की जा रही थीएवं दिनांक 19/04/2025 को प्रार्थिया मेहरुनिशा अंसारी नि. ज्यारतनाका सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह मार्निंग बांक पर गई थी वापस आकर देखा तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर के दरवाजे के उपर खुले वेंटिलेशन से प्रवेश कर चोरी करना बतायी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।इसी प्रकार प्रार्थी इदिश खान ने दिनांक 19/04/2025 की रात्रि में फैजाने रजा



मस्जिद के पास से एक मोटर सायकिल चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीचध्द कर विवेचना में लिया गया ।उक्त घटनाओं का पटित करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की मुखबिर लगाये गये गई जिसमें थाना कोतवाली में पूर्व में चोरी किया अफरोज उर्फ बिजली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसने शिवम विश्वकर्मा के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया जिससे चोरी किया गया रुपये माल एवं सोने चांदी के जेवरात एवं पैसे जाम किया गया ।उल्लेखनीय है कि घटना में गिरफ्तार चोर अफरोज उर्फ बिजली के थाना कोतवाली में पूर्व के भी चोरी के रिकार्ड दर्ज है। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है एवं पुलिस रिमाड प्राप्त कर अन्य मामलो में भी पुछताछ की जायेगी ।जानकरी के अनुसार अपराध क्रमांक 909/2024 धारा 331(4), 305(1) वीएनएस के मामलें मेंः नकदी 23000/- रुपये, अपराध क्रमांक 288/2025 धारा 303(2) वीएनएस के मामले में एक चोरी की मोटर सायकिल. अपराध क्रमांक 286/2025 धारा 331(4),305 (1) बीएनएस के मामलें मेंः नकदी 5200/- रुपये, 2. सोने के कान के रिंग - 04 नग, 3. तीन जोडी चांदी की पायल (6 नग), 4. चांदी के खुचना 6 नग, 5. चावीं की हाथ में पहनने की मेंहदी एक जोडी (दो नग), एक नग ब्लुटुथ जप्ती की गयी है इस मामले में अफरोज उर्फ बिजली पिता सलीम खान उम्र 20 वर्ष निवासी सुफी नगर गांधी बार्ड, शिवम उर्फ सूर्या पिता राजकुमार विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी सुफी नगर गांधी बाई को गिरफ्तार किया गया है । निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राहुल काकोडिया, सउनि संजय यादव, रामअवतार डहेरिया, प्र. आर. मनोज पाल, आरक्षक नितेश राजपूत, अमित रघुवंशी, सिध्दार्थ दुबे, विक्रम देशमुख, इरफान खान, सतीश इनवाती, शिशुपाल सोलंकी, प्रतीक बघेल, महिला आर. मंजु नागवंशी, फरहीन खान की विशेष भूमिका रही ।